(b) and (c) Guidelines have been issued to all Government Hospitals to provide symptomatic treatment to AIDS patients for opportunistic ailments in a humane and non-discriminatory manner.

बाल रोगों के उपचार हेतु अभिप्रेत दवाइयों में एल्कोहल की अत्यधिक मात्रा का होना

2925. **श्री अजीत जोगी:** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि अनेक फार्मास्यूटिकल कंपनियां बाल रोगों के उपचार हेतु अभिप्रेत अपनी दवाइयों में 80 प्रतिशत से भी अधिक एल्कोहल का प्रयोग करके दवाइयों का उत्पादन कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार ने इन कम्पनियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० सी० सिल्वेरा): (क) जी, नहीं

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठते।

Activities of Punjab Police Personnel

2926. SHRI VIREN J. SHAH:
SHRI PRAMOD MAHAJAN:

Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Government are aware about the activities of the Punjab Police killing innocent persons by treating them terrorists at various places outside Punjab without prior consultation or even knowledge of the Chief Ministers of the concerned States;

(b) if so, what are the details of such incidents;

(c) the number of persons killed State-wise during each of the last three years; and

(d) what steps Government have taken or propose to take to stop such illegal activities of the Punjab Police in area outside its jurisdiction?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI RAJESH PILOT): (a) to (d) An instance has been brought to the notice by the Government of West Bengal. It has been alleged that Punjab Police shot dead a couple at Tiljala in Calcutta (West Bengal). Government of Punjab have denied involvement of Punjab Police in the incident. Dr. B.L. Wadhera has filed a criminal writ petition in the Supreme Court of India in this regard and matter is still pending for a decision in the Hon'ble Court and is subjudice. Comments of the Punjab Government in respect of two more reported instances have been called.

"नेशनल ऐकेडमी ऑफ करेक्शनल एडमिनिस्ट्रेशन" की स्थापना

2927. **श्री नारायण प्रसाद गुप्ता:** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मध्य प्रदेश सरकार ने भोपाल में एक "नेशनल ऐकेडमी ऑफ करेक्शनल एडमिनिस्ट्रेशन" की स्थापना करने का कोई प्रस्ताव सरकार को भेजा है; और

(ख) यदि हां, तो इस पर क्या कार्यवाही की गई है और इसकी स्थापना से संबंधित कार्य कब तक प्रारंभ हो जाने की संभावना है?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० एम० सईद): (क) जी हां, श्रीमान्। उक्त उद्देश्य के लिए राज्य सरकार द्वारा भूमि देने का प्रस्ताव किया गया था।

(ख) राष्ट्रीय सुधारात्मक प्रशासन अकादमी की स्थापना न करने का निर्णय लिया गया है।

रेलवे स्टेशन के नाम में परिवर्तन

2928. **श्री नारायण प्रसाद गुप्ता:** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मध्य प्रदेश सरकार ने राज्य में गोटे गांव रेलवे स्टेशन का नाम बदल कर "श्रीधाम" किये जाने हेतु सरकार से अनुरोध किया है; और

(ख) यदि हां, तो राज्य सरकार के उक्त प्रस्ताव पर सरकार का आदेश कब तक प्राप्त हो जाएगा?